BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL
PERIODIC TEST-2 2024-25
HINDI (085)

Class : IX
Date : 06.12.2024
ADMISSION NO:

Duration : **1 Hrs**
Max. Marks : **25**
ROLL NO:

(अपठित गद्यांश)

प्रश्न **1** निम्न गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और उपयुक्त उत्तर को चुनकर लिखिए **:** **(अंक 7)**

ग्रीष्म अवकाश के समय को पढ़ाई के दबाव से परे रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने में लगाना जरूरी है। सामुदायिक केंद्रो से जुड़े और सेवा देने वाले बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। ऐसे बच्चे न केवल समाज से जुड़ते हैं, बल्कि खुश भी रहते हैं। यह जुड़ाव बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत सँवारने के साथ ही मानवीय प्रवृत्तियों को भी सार्थक दिशा देता है। छुट्टियों का समय रिश्तों नातों को जानने और जीने का भी मौका होता है ।पहले संयुक्त परिवार में बच्चे दादी-दादी ,चाचा चाचा ,बुआ के साथ रहकर बड़े होते थे। रिश्तेदारों का आना-जाना भी खूब होता था, मगर अब ऐसी व्यस्त जिंदगी है कि बच्चे सिर्फ अपने माता-पिता को ही जानते हैं। छुट्टियों का यह समय ऐसे संबंधों को जीने और जानने में लगाया जाए, यह खुद बच्चों के लिए ही नहीं, हमारे पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने को सहेजने के लिए भी जरूरी है। कुछ साल पहलेएक ऑनलाइन पर्यटन कंपनी द्वारा किए गए परिवार सर्वेक्षण के अनुसार 97% भारतीय किशोरों ने महसूस किया कि परिवार की छुट्टियाँ उन्हें अपने भाई बहनों के करीब लाती हैं। 69 प्रतिशत ने माना कि उनकी पसंदीदा यादें परिवार के साथ बीते छुट्टियों से जुड़ी हैं । बहुत से सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि अवकाश का समय बच्चों को नई ऊर्जा और उत्साह से भर देता है । छुट्टियाँ बच्चों को खुश और होशियार बनाती हैं। सामाजिक कौशल सिखाती हैं। यह अभिभावकों के साथ अनौपचारिक रूप से संवाद करने का समय होता है ।भटकाव के बाद मौजूदा परिवेश में ऐसा खुला संवाद किशोरों की मानसिकता समझने में सहायक होता है। नई पीढ़ी को दिशाहीन होने से बचा सकता है ।समय रहते अभिभावकों को सचेत कर सकता है ।

1 बच्चों के बीच रचनात्मक सोच, सामुदायिक समाज और रिश्तो से जुड़ाव को पोषित करने के लिए क्या अपेक्षित है ?

क) रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी । ख) ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग करना ।
ग) परस्पर पर चर्चा में सभी की भागीदारी । घ) शिक्षा की बुनियाद रखना ।

2 निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन **:** पारिवारिक ताने-बाने को सहेजने की आवश्यकता है ।
कारण**:** परिवारों और समाज के संकुचित होने से स्वस्थ सामाजिक विकास अवरुद्ध हो रहा है ।
विकल्प:

क) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।
ख) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
ग) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है ।
घ) कथन गलत है ,लेकिन कारण सही है ।

3 निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य गद्यांश से मेल खाता है ?

1) अवकाश बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह भरता है।

2) छुट्टियों में भाई बहनों के समय पानी की संभावना बढ़ती है ।

3) माता-पिता से बहुत कुछ जानने सीखने का अवसर मिलता है।

4) नई पीढ़ी के दिशाहीन होने की संभावनाएं बढ़ती हैं।

क) केवल 1 ख) केवल 2 और3

ग) केवल 4 घ) 1 ,2 और 3

4) सामुदायिक केंद्रों में सेवा देने वाले बच्चे किस प्रकार लाभान्वित होते हैं ?

5) पारिवारिक संबंधों में किस प्रकार के बदलाव हुए हैं?

(व्याकरण)

प्रश्न **2)** पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(अंक 6)**

i) 'आशका' में अनुस्वार का प्रयोग कीजिए।

i i) 'थालिया' में अनुनासिक का प्रयोग कीजिए ।

i i i) 'प्रकृति' में कौनसा उपसर्ग है ?

i v) 'कर्मठता' में कौनसा प्रत्यय है ?

v) 'यथोचित' का सही संधि विच्छेद कीजिए ।

v i) 'अरे वाह!आपके पास मधुर वाणी है।'वाक्य का भेद बताइए।

(साहित्य)

प्रश्न**3)** रमन के लिए नौकरी संबंधी कौन सा निर्णय कठिन था ? **(अंक 2)**

प्रश्न**4)** खुशबू रचते हैं हाथ इस कविता में कितने तरह के हाथों की चर्चा हुई है ? **(अंक2)**

प्रश्न**5)** लेखक द्वारा पहली पुस्तक खरीदने की घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए| **(अंक3)**

(रचना खंड)

प्रश्न**6)** अपने जीवन लक्ष्य को लेकर दो मित्रों के बीच का संवाद लेखन लगभग 100 शब्दों में कीजिए। **(अंक 5)**

समाप्त